# केन्द्रीय विद्यालय संगठन
# KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
## आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, भुवनेश्वर
## ZONAL INSTITUTE OF EDUCATION & TRAINING, BHUBANESWAR

# दीक्षण
तिमाही ई-पत्रिका (जुलाई-सितंबर 2025)

**थीम:**
**राजभाषा – राष्ट्र की आवाज़**

### हमारे संरक्षक



**सुश्री प्राची पाण्डेय,**
आईए & एएस.
आयुक्त
के. वी. सं. मुख्यालय



**श्री नगेंद्र गोयल**
संयुक्त आयुक्त (प्रशिक्षण)
के. वी. सं. मुख्यालय



**डॉ अनुराग यादव**
उपायुक्त एवं निदेशक
के. वी. सं. जीट भुवनेश्वर

Website: http://www.zietbhubaneswar.kvs.gov.in
Blog: https://zietbbsronline.blogspot.com
https://www.facebook.com/ziet.bhubaneswar.9
https://twitter.com/zietbhubaneswar



# निदेशक की कलम से.........

**"शिक्षण एक कला है, और शिक्षक प्रशिक्षण उस कला को निखारने का साधन।"**

*यह हमारे लिए अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है कि हम इस त्रैमासिक ई-न्यूज़लेटर (जुलाई-सितंबर 2025) के माध्यम से शिक्षक प्रशिक्षण के क्षेत्र में हमारे संस्थान द्वारा किए जा रहे प्रयासों और उपलब्धियों को आपके साथ साझा कर रहे हैं।*

*शिक्षक समाज का मार्गदर्शक होता है, और हमारा संस्थान इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है कि हम न केवल शिक्षकों को विषयवस्तु की समझ प्रदान करें, बल्कि उन्हें 21वीं सदी के शिक्षण कौशल, संवेदनशीलता, और नवाचारों से भी सुसज्जित करें। प्रशिक्षण केवल जानकारी देने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह सोचने, समझने और एक व्यापक दृष्टिकोण विकसित करने का अवसर भी है।*

*गत तिमाही में हमारे संस्थान ने 21 प्रशिक्षण कार्यक्रमों (ऑफलाइन / ऑनलाइन) के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम उठाए हैं। यह सब हमारे समर्पित संकाय, प्रशिक्षुओं और प्रशासनिक टीम के सहयोग से ही संभव हो सका है।*

*राजभाषा का प्रभावी क्रियान्वयन न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत को सम्मान देता है, बल्कि यह कार्य प्रणाली में सरलता, स्पष्टता और आत्मीयता भी लाता है। हमारे संस्थान में राजभाषा अधिनियम तथा उससे संबंधित नियमों के अनुसार, हिंदी का प्रयोग प्रशासनिक कार्यों, पत्राचार, फाइल नोटिंग, ई-मेल, रिपोर्ट लेखन, तथा अन्य दैनंदिन कार्यों में आवश्यक रूप से किया जाता है।*

*आइए, हम सभी मिलकर यह संकल्प लें कि शिक्षक निर्माण की इस यात्रा को और अधिक समृद्ध, प्रासंगिक और प्रभावशाली बनाएंगे ।*

*आप सभी को आगामी तिमाही के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ।*
*धन्यवाद ।*

*डॉ. अनुराग यादव*
*निदेशक*


**संपादक-मंडल**

**श्री डी. विक्रम कुमार वर्मा**
प्रशिक्षण सहयोगी (प्राथमिक)

**श्री राजेश कुमार गड़तीया**
प्रशिक्षण सहयोगी (प्राथमिक)

# हिन्दी दिवस 2025 एवं पांचवां अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन

दिनांक 14 और 15 सितंबर 2025 को महात्मा मंदिर कन्वेंशन एवं एग्जीबिशन सेंटर, गांधीनगर, गुजरात में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित हिन्दी दिवस 2025 एवं पांचवां अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में मुझे हमारे संस्थान की ओर से भाग लेने का सौभाग्य मिला । इस सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि माननीय श्री अमित शाह, गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार ने किया। समारोह में कई अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित थे ।

सम्मेलन के पहले दिन 'भारतीय संघ की अवसंरचना में हिन्दी और भारतीय भाषाओं का समन्वय' विषय पर सत्र था जिसमे वक्तागण माननीय श्री अर्जुन राम मेघवाल, केन्द्रीय विधि और न्याय राज्य मंत्री, भारत सरकार, श्री दिनेश शर्मा, सांसद, राज्य सभा और डॉ. आनंद रंगनाथन, वैज्ञानिक एवं लेखक शामिल थे । अगले सत्र में 'ऑपरेशन सिंदूर : परंपरा, प्रतीक और पराक्रम' पर चर्चा हुई । इस चर्चा में एयर मार्शल संजीव कपूर (से.नि.), भारतीय वायु सेना, कैप्टन डी. के. शर्मा (से.नि.), भारतीय नौसेना, मेजर गौरव आर्या (से.नि.), प्रधान संपादक, चाणक्य फोरम और श्री गौरव सावंत, संपादक, आज तक न्यूज़ ने भाग लिया ।

दूसरे दिन की शुरूआत 'सूचना प्रौद्योगिकी में हिन्दी और भारातीय भाषाएँ' विषय पर सत्र से हुई जिसमे प्रो. नवीन लोहानी, कुलपति, उत्तराखंड विश्वविद्यालय, डॉ. अविनाश अग्रवाल, निदेशक, आईआईटी जोधपुर और डॉ. सी. जयशंकर बाबू, अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, पॉन्डिचेरी विश्वविद्यालय शामिल थे । द्वितीय सत्र में 'राजभाषा हिन्दी के कार्यान्वयन की सशक्त इकाई : नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति' पर चर्चा की गई । 'पर्दे से पोस्ट तक : सफलता के रंग, हिन्दी के संग' विषय पर परिचर्चा में विख्यात फिल्म निर्माता एवं निर्देशक श्री. चंद्रप्रकाश द्विवेदी और फिल्म अभिनेता श्री. मनोज जोशी ने श्रोताओं के प्रश्नों का रोचक उत्तर दिए । सम्मेलन का समापन गुजरात लोकनृत्यों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति से हुई ।

**डी. विक्रम कुमार वर्मा,**
**प्रशिक्षण सहयोगी (प्राथमिक)**



# हिन्दी पखवाड़ा का भव्य आयोजन

संस्थान में हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन दिनांक 12 से 30 सितंबर 2025 तक उत्साहपूर्वक रूप से मनाया गया । दिनांक 12 सितंबर 2025 को संस्थान के निदेशक डॉ. अनुराग यादव के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ पखवाड़ा का शुभारंभ हुआ । दिनांक 14 सितंबर 2025 को हिन्दी दिवस मनाया गया जिसमे संस्थान के कर्मचारियों द्वारा कविता पाठ, भाषण और कहानी कथन आदि प्रस्तुत किए गए । पखवाड़ा के अंतर्गत कर्मचारियों के लिए हिन्दी टंकण, कविता पाठ और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । दिनांक 22 सितंबर 2025 को एक-दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे संस्थान के सभी कर्मचारियों के साथ साथ गुवाहाटी और सिलचर संभागों के 40 विद्यालयों के राजभाषा प्रभारी भी शामिल थे । दिनांक 30 सितंबर 2025 को पखवाड़ा का समापन हुआ जिसके दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए । समापन समारोह मे निदेशक महोदय द्वारा संस्थान में सभी आधिकारिक कार्यों में राजभाषा को अक्षरशः लागू करने तथा संबंधित प्रावधानों और दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन करने का आह्वान किया। उन्होंने संस्थान में राजभाषा के समुचित कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने में राजभाषा प्रभारी श्री शंकर्षण जेना , प्रशिक्षण सहयोगी (अर्थ शास्त्र) के प्रयासों की भी सराहना की।





## राजभाषा कीर्ति पुरस्कार 2024-25

यह हमारे लिए अत्यंत गौरव की बात है की राजभाषा में श्रेष्ठ कार्य निष्पादन के लिए राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के द्वारा भारत सरकार के स्वायत्त निकाय श्रेणी के अंतर्गत केन्द्रीय विद्यालय संगठन को राजभाषा कीर्ति पुरस्कार 2024-25 (द्वितीय) घोषित किया गया जिसे सम्मेलन में आयुक्त महोदया सुश्री प्राची पाण्डेय, आईए & एएस जी ने भारत सरकार के माननीय विधि और न्याय राज्य मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल जी के कर कमलों से प्राप्त किया।






# प्रशिक्षण पर एक नजर
# Trainings at a glance

| क्र.सं. | दिनांक | प्रशिक्षण कार्यक्रम का नाम | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 07 से 09 जुलाई 2025<br>07 to 09 July 2025 | 'राजभाषा कार्यान्वयन' पर राजभाषा प्रभारियों हेतु (समूह-2: कोलकाता संभाग) 3-दिवसीय कार्यशाला<br>Workshop on 'Rajbhasha Implementation' (Batch-2) | 37 |
| 2 | 08 से 09 जुलाई 2025<br>08 to 09 July 2025 | 'लिंग संवेदनशीलता और PoSH अधिनियम के माध्यम से कार्यस्थल नैतिकता को मजबूत करना' पर स्नातकोत्तर शिक्षक (समूह-2: कोलकाता संभाग) हेतु 2-दिवसीय आनलाईन कार्यशाला<br>Workshop on 'Strengthening Workplace Ethics through Gender Sensitivity and PoSH Act' (Batch-2) ONLINE | 56 |
| 3 | 07 से 11 जुलाई 2025<br>07 to 11 July 2025 | 'गणित ऑलम्पियड के लिए छात्रों को तैयार करने में शिक्षकों का क्षमता निर्माण' विषय पर स्नातकोत्तर शिक्षकों (गणित) हेतु 5-दिवसीय कार्यशाला<br>Workshop on 'Capacity Building of Teachers in preparing students for Maths Olympiad' | 39 |
| 4 | 14 से 18 जुलाई 2025<br>14 to 18 July 2025 | 'ई-ग्रंथालय 4.0 का आयोजन और प्रबंधन में पुस्तकालयाध्यक्षों की क्षमता वृद्धि' विषय पर पुस्तकालयाध्यक्षों (समूह-1 : भुवनेश्वर, गुवाहाटी और सिलचर संभाग) हेतु 5-दिवसीय कार्यशाला<br>Workshop on 'Capacity Enhancement of Librarians in organising and managing e-Granthalaya 4.0' (Batch-1) | 40 |
| 5 | 15 से 16 जुलाई 2025<br>15 to 16 July 2025 | 'बाल अधिकार, एन सी पी सी आर और पोकसों अधिनियम 2012' पर प्राथमिक शिक्षकों (समूह-1 : भुवनेश्वर संभाग) हेतु 2-दिवसीय आनलाईन कार्यशाला<br>Workshop on 'Child Rights, NCPCR and POCSO Act 2012' (Batch-1) ONLINE | 60 |
| 6 | 21 से 23 जुलाई 2025<br>21 to 23 July 2025 | 'आधारभूत और प्रारंभिक चरणों में शैक्षणिक नेतृत्व' विषय पर प्रधानाध्यापकों (समूह-2 : कोलकाता, रांची और तिनसुकिया संभाग) हेतु 3-दिवसीय कार्यशाला<br>Workshop on 'Pedagogical Leadership in Foundational & Preparatory Stages' (Batch-2) | 38 |
| 7 | 21 से 25 जुलाई 2025<br>21 to 25 July 2025 | 'भौतिकी में प्रभावी शिक्षण और आकलन रणनीतियाँ' विषय पर स्नातकोत्तर शिक्षकों (भौतिकी) हेतु 5-दिवसीय कार्यशाला<br>Workshop on 'Effective Teaching and Assessment Strategies for Enhanced Physics Learning' | 39 |

**हिंदी है तो हिंदुस्तान है, यही भारत की शान है ।**

# प्रशिक्षण पर एक नजर
## Trainings at a glance

| क्र.सं. | दिनांक | प्रशिक्षण कार्यक्रम का नाम | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 8 | 22 से 23 जुलाई 2025<br>22 to 23 July 2025 | 'समावेशी शिक्षा' पर प्राथमिक शिक्षकों (समूह-1 : भुवनेश्वर संभाग) हेतु 2 -दिवसीय आनलाईन कार्यशाला<br>Workshop on 'Inclusive Education' (Batch-1) ONLINE | 58 |
| 9 | 29 से 30 जुलाई 2025<br>29 to 30 July 2025 | 'क्रियायशोध के माध्यम से नवाचार का प्रोत्साहन' पर पुस्तकालयाध्यक्षों (समूह-4 : राँची और तिनसुकिया) हेतु 2 -दिवसीय आनलाईन कार्यशाला<br>Workshop on 'Boosting Innovativeness through Action Research' (Batch-4) ONLINE | 54 |
| 10 | 29 से 30 जुलाई 2025<br>29 to 30 July 2025 | 'बाल अधिकार, एन सी पी सी आर और पोकसों अधिनियम 2012' पर प्राथमिक शिक्षकों (समूह-2 : कोलकाता संभाग) हेतु 2-दिवसीय आनलाईन कार्यशाला<br>Workshop on 'Child Rights, NCPCR and POCSO Act 2012' (Batch-2) ONLINE | 64 |
| 11 | 04 से 08 अगस्त 2025<br>04 TO 08 August 2025 | 'योग्यता आधारित शिक्षण पद्धति के माध्यम से अर्थशास्त्र शिक्षण को बढ़ावा देना' पर स्नातकोत्तर शिक्षक (अर्थशास्त्र) हेतु 5-दिवसीय कार्यशाला<br>Workshop on 'Enhancing Economics Teaching through Competency Based Learning Approach' | 37 |
| 12 | 12 से 13 अगस्त 2025<br>12 TO 13 August 2025 | 'बाल अधिकार, एन सी पी सी आर और पोकसों अधिनियम 2012' पर प्राथमिक शिक्षकों (समूह-3 : गुवाहाटी और सिलचर संभाग) हेतु 2-दिवसीय आनलाईन कार्यशाला<br>Workshop on 'Child Rights, NCPCR and POCSO Act 2012' (Batch-3) ONLINE | 60 |
| 13 | 18 से 22 अगस्त 2025<br>18 TO 22 August 2025 | 'आधारभूत और प्रारम्भिक चरणों में आंदमय शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए शिक्षण पद्धतियाँ ' पर प्राथमिक शिक्षकों हेतु 5-दिवसीय कार्यशाला<br>Workshop on 'Pedagogical Approaches for fostering joyful learning in Foundational & Preparatory Stages' | 41 |
| 14 | 20 से 21 अगस्त 2025<br>20 TO 21 August 2025 | 'लिंग संवेदनशीलता और PoSH अधिनियम के माध्यम से कार्यस्थल नैतिकता को मजबूत करना' पर स्नातकोत्तर शिक्षक (समूह-3: गुवाहाटी और सिलचर संभाग) हेतु 2-दिवसीय आनलाईन कार्यशाला<br>Workshop on 'Strengthening Workplace Ethics through Gender Sensitivity and PoSH Act' (Batch-3) ONLINE | 59 |

**हिंदी है हमारी शक्ति और,**
**इसी से है देश की उन्नति ।**

# प्रशिक्षण पर एक नजर
# Trainings at a glance

| क्र.सं. | दिनांक | प्रशिक्षण कार्यक्रम का नाम | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 15 | 25 से 26 अगस्त 2025<br>25 TO 26 August 2025 | 'बाल अधिकार, एन सी पी सी आर और पोकसो अधिनियम 2012' पर प्राथमिक शिक्षकों (समूह-4: राँची और तिनसुकिया संभाग) हेतु 2-दिवसीय आनलाईन कार्यशाला<br>Workshop on 'Child Rights, NCPCR and POCSO Act 2012' (Batch-4) ONLINE | 59 |
| 16 | 01 से 03 सितंबर 2025<br>01 TO 03 Sep 2025 | "विद्यालय सुरक्षा एवं संरक्षा - विद्यालयों में अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करना' विषय पर प्रधानाध्यापकों (समूह 1: भुवनेश्वर, गुवाहाटी और सिलचर संभाग) हेतु 3-दिवसीय कार्यशाला<br>Workshop on 'School Safety & Security - ensuring conducive environment in Schools' (Batch-1) | 35 |
| 17 | 08 से 12 सितंबर 2025<br>08 TO 12 Sep 2025 | 'योग्यता-आधारित शिक्षण दृष्टिकोण के माध्यम से सामाजिक विज्ञान शिक्षण को बढ़ाना' (समूह-1 : भुवनेश्वर, गुवाहाटी और सिलचर संभाग) हेतु 5 -दिवसीय कार्यशाला (समूह -1)<br>Workshop on 'Enhancing Social Science Teaching through Competency based Learning Approach' (Batch-1) | 40 |
| 18 | 10 से 11 सितंबर 2025<br>10 TO 11 Sep 2025 | ''युवा शिक्षार्थियों में 21वीं सदी के कौशल को बढ़ावा देना' पर प्राथमिक शिक्षकों (समूह-1 : भुवनेश्वर संभाग) हेतु 2-दिवसीय आनलाईन कार्यशाला<br>Workshop on 'Fostering 21st Century Skills in Young Learners' (Batch-1) ONLINE | 59 |
| 19 | 10 से 11 सितंबर 2025<br>10 TO 11 Sep 2025 | 'लिंग संवेदनशीलता और PoSH अधिनियम के माध्यम से कार्यस्थल नैतिकता को मजबूत करना' पर स्नातकोत्तर शिक्षक (समूह-4 : राँची और तिनसुकिया संभाग) हेतु 2-दिवसीय आनलाईन कार्यशाला<br>Workshop on 'Strengthening Workplace Ethics through Gender Sensitivity and PoSH Act' (Batch-4) ONLINE | 59 |
| 20 | 15 से 19 सितंबर 2025<br>15 TO 19 Sep 2025 | 'प्रभावी गणित शिक्षण के लिए एनसीएफ एसई 2023 को लागू करना' विषय पर प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (गणित) हेतु 5-दिवसीय कार्यशाला<br>Workshop on 'Implementing NCF SE 2023 for effective Mathematics Teaching | 37 |
| 21 | 22 से 24 सितंबर 2025<br>22 TO 24 Sep 2025 | 'राजभाषा कार्यान्वियन' पर राजभाषा प्रभारियों हेतु (समूह-3: गुवाहाटी और सिलचर संभाग) 3-दिवसीय कार्यशाला<br>Workshop on 'Rajbhasha Implementation' (Batch-3) | 40 |

**हिंदी को अपनाओ, देश को आगे बढ़ाओ ।**

# प्रशिक्षण सहयोगियों का सतत व्यावसायिक विकास
## Continuous Professional Development of Training Associates

- Mrs. Lopamudra Panigrahi, Training Associate (Chemistry) successfully completed the Evaluation of Training (EOT) Course from 21 to 25 July 2025, Design of Training (DOT) Course 04 to 08 Aug 2025 and Direct Trainer Skills (DTS) Course from 18 to 22 Aug 2025 sponsored by DoPT, Govt. of India and conducted by Haryana Institute of Public Administration (HIPA), Gurugram.
- Mr. Viswanath Jaiswal, Training Associate (Commerce) successfully completed the Direct Trainer Skills (DTS) Course from 18 to 22 Aug 2025 sponsored by DoPT, Govt. of India and conducted by Haryana Institute of Public Administration (HIPA), Gurugram.
- Mrs. Anuradha Raja Rao, Training Associate (Biology) successfully completed the Design of Training (DOT) Course 04 to 08 Aug 2025 and Direct Trainer Skills (DTS) Course from 18 to 22 Aug 2025 sponsored by DoPT, Govt. of India and conducted by Institute of Secretariat Training & Management (ISTM), New Delhi.
- Mr. D. Vikram Kumar Varma and Mr. Rajesh Kumar Gartia, Training Associates (Pri.) worked as Resource Persons during the 02-Day Workshop conducted by KVS Bhubaneswar Region for PRTs on 'Pedagogical Leadership in Foundational & preparatory Stages' on 10 & 11 July 2025 at KV Koraput.
- Mr. D. Vikram Kumar Varma, Training Associate (Pri.) worked as a Resource Person on 22 July 2025 in the Workshop conducted by KVS Bhubaneswar Region for JSAs/SSAs on 'Office Procedures and Procurements through GeM' held at KV NO.5 Bhubaneswar.
- Mr. Biswa Bag, Training Associate (Library), worked as a Resource Person in the 01-Day Online Training of Librarians of Patna Region on 'Creating A Reading Rich School Environments: A Librarian's Toolkit' organized by KV Khagaul on 08/09/2025.
- Mr. Biswa Bag, Training Associate (Library), worked as a Resource Person in the 03-Day Regional level CPD Workshop from 11 to 13 Sep 2025 at KV IOC Noonmati, Guwahati.
- Mr. V. V. Appa Rao, Training Associates (Physics) worked as a Resource Person on 15 Sep 2025 in the Workshop conducted by KVS Bhubaneswar Region for PGTs (Physics) on 'Effective Teaching and Assessment Strategies for enhanced Physics Learning' held at KV NO.6 Bhubaneswar.
- All the staff of ZIET Bhubaneswar successfully completed the 01-Day 'Rashtriya Karmayogi Large Scale Jan Seva Programme' conducted by KVS during Aug / Sep 2025 at KV No.1 Bhubaneswar.





# संस्थान की गतिविधियां

## 15 अगस्त 2025 : 79 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह






के.वि.सं. द्वारा आयोजित 01-दिवसीय
'राष्ट्रीय कर्मयोगी लार्ज स्केल जन सेवा कार्यक्रम'

# संस्थान की गतिविधियां

## जुलाई-सितंबर तिमाही का राजभाषा बैठक
04 सितंबर 2025






## स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत 'स्वच्छता प्रतिज्ञा'
16 सितंबर 2025

# प्रशिक्षण की झलकियां




'राजभाषा कार्यान्वियन' पर राजभाषा प्रभारियों हेतु 3-दिवसीय कार्यशालाएं




'लिंग संवेदनशीलता और PoSH अधिनियम के माध्यम से कार्यस्थल नैतिकता को मजबूत करना' पर स्नातकोत्तर शिक्षकों हेतु 2-दिवसीय आनलाईन कार्यशालाएं

# प्रशिक्षण की झलकियां



'गणित ऑलम्पियड के लिए छात्रों को तैयार करने में शिक्षकों का क्षमता निर्माण' विषय पर स्नातकोत्तर शिक्षकों (गणित) हेतु 5-दिवसीय कार्यशाला



'ई-ग्रंथालय 4.0 का आयोजन और प्रबंधन में पुस्तकालयाध्यक्षों की क्षमता वृद्धि' विषय पर पुस्तकालयाध्यक्षों हेतु 5-दिवसीय कार्यशाला

# प्रशिक्षण की झलकियां




'बाल अधिकार, एन सी पी सी आर और पोक्सो अधिनियम 2012' पर प्राथमिक शिक्षकों हेतु 2-दिवसीय आनलाईन कार्यशालाएं



'आधारभूत और प्रारंभिक चरणों में शैक्षणिक नेतृत्व' विषय पर प्रधानाध्यापकों हेतु 3-दिवसीय कार्यशाला

# प्रशिक्षण की झलकियां








'भौतिकी में प्रभावी शिक्षण और आकलन रणनीतियाँ विषय पर स्नातकोत्तर शिक्षकों (भौतिकी) हेतु 5-दिवसीय कार्यशाला




'समावेशी शिक्षा' पर प्राथमिक शिक्षकों हेतु 2 - दिवसीय आनलाईन कार्यशाला

# Glimpses of Training




02-Day Online Workshop for Librarians on 'Boosting Innovativeness through Action Research'




05-Day Workshop for PGTs (Economics) on 'Enhancing Economics Teaching through Competency Based Learning Approach'

# Glimpses of Training









05-Day Workshop for PRTs on 'Pedagogical Approaches for fostering joyful learning in Foundational & Preparatory Stages'








03-Day Workshop for HMs on 'School Safety & Security - ensuring conducive environment in Schools'

# Glimpses of Training




05-Day Workshop for TGTs (S.Sc.) on 'Enhancing Social Science Teaching through Competency based Learning Approach'




02-Day Online Workshop for PRTs on 'Fostering 21st Century Skills in Young Learners'

# Glimpses of Training



05-Day Workshop for PGTs (Maths) on 'Implementing NCF SE 2023 for effective Mathematics Teaching'




**भारत माता के माथे पर चन्दन,**
**हिंदी भाषा का हम करते हैं अभिनंदन।**

# प्रतिभागियों के विचार.../Participants Speak...



राजभाषा प्रभारियों हेतु त्रिदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का 07 से 09 जुलाई तक सफल आयोजन हुआ जो हम प्रशिक्षणार्थियों के लिए न केवल ज्ञानप्रद रहा प्रत्युत हमारे कार्य कौशल को गति और स्पष्टता प्रदान करने वाला रहा। राजभाषा हिंदी से संबंधित संवैधानिक प्रावधान एवं नीतियों, धारा 3 (3) के अंतर्गत आने वाले दस्तावेजों एवं पत्राचार के विविध रूपों, तिमाही प्रगति रिपोर्ट, मूल पत्राचार, अनुवाद कला, संसदीय राजभाषा समिति की कार्यप्रणाली एवं निरीक्षण प्रश्नावली के संदर्भ में संसाधक द्वय एवं अतिथि प्रशिक्षक ने बहुमूल्य जानकारी प्रदान कर प्रशिक्षणार्थियों की आशंकाओं का सम्यक समाधान किया।

**डॉ विनोद कुमार सिंह, स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी) कें. वि. दुर्गापुर सीएमईआरआई, कोलकाता संभाग)**



I feel truly very much honoured to be a part of the transformative 5-days workshop on "Enhancing Economics Teaching through Competency-Based Learning Approach", from 04th August – 08th August, 2025. Each session—whether on NCF 2023, integrated learning, case-based learning, Project-based pedagogy or ICT integration—were all engaging, empowering, and informative. The hands-on strategies and meaningful discussions have truly reshaped my teaching approach. Heartfelt thanks to the visionary resource persons and the ever-supportive training team for their tireless efforts and warm hospitality. I return with renewed energy and purpose to inspire my learners..

**Mr. Rakesh Kumar, PGT (Economics), KV Jamtara (Ranchi Region)**



'सामाजिक विज्ञान शिक्षण को दक्षता-आधारित शिक्षण दृष्टिकोण के माध्यम से सुदृढ़ करने' पर पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम वास्तव में एक समृद्ध अनुभव रहा। पूरे सत्र के दौरान, मैंने सामाजिक विज्ञान को अधिक रोचक और अर्थपूर्ण बनाने के लिए कला एकीकरण, खेल एकीकरण और गेमिफिकेशन जैसी रचनात्मक शिक्षण विधियों को समझा। साथ ही, दक्षता-आधारित मूल्यांकन तैयार करना, बहुविषयी परियोजनाओं की योजना बनाना और ऐसे पाठ योजनाएँ बनाना सीखा जो कक्षा के ज्ञान को वास्तविक जीवन के संदर्भों से जोड़ती हैं। इस कार्यक्रम ने न केवल मेरी दक्षता-आधारित शिक्षण की समझ को गहरा किया, बल्कि मुझे अपने शिक्षण अभ्यास में और अधिक रचनात्मकता, सहभागिता और प्रासंगिकता लाने के लिए भी प्रेरित किया।

**रिचा कुमारी, प्रशिक्षित स्नातक शिक्षिका (सामाजिक विज्ञान), के. वि. क्र. 3 भुवनेश्वर (भुवनेश्वर संभाग)**



The 05-Day Workshop for PRTs on 'Pedagogical Approaches for Fostering Joyful Learning in Foundational & Preparatory Stages' was an enriching and insightful experience. It emphasized the importance of developing a student-centered environment where learning is engaging, natural and meaningful and directly connected to real-life. The Resource Persons were truly resourceful with answers to each and every query of the participants. The rich interaction that took place during the sessions made them highly fruitful, refreshing and though-provoking. It was a reminder that when children enjoy the process of learning they achieve the learning outcomes. The workshop in one word was 'Holistic'.

**Mrs. Sushmita Roy Chaudhury, PRT, KV AFS Digaru (Guwahati Region)**



The 05-Day Workshop on 'Capacity building of teachers in preparing students for Mathematics Olympiad' was a highly informative one. The comprehensive presentations were fruitful and the sessions were highly interactive with participants actively involved in discussions. The workshop enabled participants to prepare group assignments efficiently by collaborative work. The workshop has set the stage for a productive and enriching experience for the participants, providing a platform for us to learn and grow in our ability to prepare students for Mathematics Olympiad.

**Ms. Mahak Goyal, PGT (Maths), KV EAC Upper Shillong (Silchar Region)**

**हम सभी भाषाओं का करते हैं सम्मान,**
**पर हिंदी ही है हमारी पहचान ।**

# प्रतिभागियों के विचार.../Participants Speak...



I am extremely happy to be a part of the workshop on 'Effective Teaching & Assessment Strategies for enhanced Physics Teaching' conducted by ZIET Bhubaneswar from 21 to 25 July 2025. The hands-on experiments, real world applications and interactive simulations were quite refreshing and encouraged active learning. My deep belief is that by incorporating these effective strategies, Physics teachers can create engaging and supporting learning environment in the classroom that promotes students understanding and success.

**Mr. Debangshu Deb, PGT (Physics), KV EAC Upper Shillong (Silchar Region)**

The3-Day workshop on 'School Safety & Security' has been impactful and insightful one in the context of NEP 2020, which mandates that every child feels welcomed and cared for. The workshop highlighted the role of HMs in ensuring a safe, joyful and inclusive learning environment for the students. The sessions covered critical aspects like child rights, POCSO Act, emotional and mental well-being, first-aid etc. The Resource Persons and Guest speakers shared practical strategies and real-life examples which made the sessions engaging and relatable. The interactive activities, group discussions and case studies helped us to reflect on existing practices and identify areas for improvement.

**Dr. Manisha Khetrapal, HM, KV IIT Guwahati (Guwahati Region)**





**हिंदी है हमारी शान, देश का बढ़ाए सम्मान ।**
**हिंदी से ही है पहचान, यही है हमारी जान ।**




हिंदी को अपनाओ,
देश को आगे बढ़ाओ ।

Website: http://www.zietbhubaneswar.kvs.gov.in
Blog: https://zietbbsronline.blogspot.com
https://www.facebook.com/ziet.bhubaneswar.9
https://twitter.com/zietbhubaneswar